कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **असिस्टेंट प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर हिन्दी, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी, सहायक ग्रेड–03, भृत्य** तथा **कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा** स्टेनोग्राफर, क्लर्क एवं भृत्य के पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों के अवलोकन एवं छटनी कार्य उपरांत, उक्त पदों पर भर्ती के संबंध में अपात्र पाये गये आवेदकगण की सूची **कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के शासकीय वेबसाईट पर** अपलोड़ कर दी गई है ।

अतः **अपात्र पाये गये अभ्यर्थी** अपने आवेदन के संबंध में यदि दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो **दिनांक 07.06.2024 की संध्या 5:00 बजे तक** दावा/आपत्ति कार्यालय के शासकीय ई–मेल आई.डी.–courtjashpur@gmail.com **के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं ।

अभ्यर्थियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि वे अपने दावा आपत्ति आवेदन में अपने **नाम, पिता का नाम एवं पंजीयन क्रमांक** का उल्लेख अवश्य करें, जिससे कि दावा आपत्ति के निराकरण में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो ।

जिन अभ्यर्थियों का नाम अपात्र सूची में उल्लेखित किया गया है, उनके अतिरिक्त शेष अभ्यर्थी पात्र पाये गये हैं, जिनकी सूची अभ्यर्थियों की जानकारी हेतु पृथक से बाद में कार्यालय के वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी ।

दिनांक 07.06.2024 के पश्चात् अपात्र अभ्यर्थियों के प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा ।

स्थान– जशपुर ।
दिनांक–31.05.2024

सही/–
(शैलेश अच्युत पटवर्धन)
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)